"old"

## वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम - "ASHA Support System at District Level"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) - 1.12 -B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) - 1.12 - B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५-१० वाक्य अधिकतम) - TA/DA etc. and Establishment of ASHA Help Desk.

इकाई राशि (रू० लाख में) - 4000/- per month per DHS

वित्तीय दिशा निर्देशन -
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम - **प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा**

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर - 9470003017, 9470003024

## 1.12- ASHA Support System at District Level

जिला स्तरीय आशा हेल्प डेस्क-

**परिभाषा**- आशा कार्यकर्त्ताओं के समस्याओ के समाधान हेतु जिला स्तर पर एक डेस्क/केन्द्र को चिन्हित किया जाना है।

**आवश्यकता**- प्रायः ऐसा पाया गया है कि आशा कार्यकर्त्ताएँ जब अस्पताल आती है या क्षेत्र में कार्य कर रही होती है तो उन्हें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का समाधान, सलाह एवं दिशा-निर्देश देने हेतु जिला स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं हैं अतः एक हेल्प डेस्क बनाने की आवश्यकता है।

**संपादन**- आशा हेल्प डेस्क के प्रभारी जिला स्तर के जिला परियोजना प्रबंधक, आशा/जिला कार्यक्रम प्रबंधक होगें। इनके द्वारा ही समस्यो का समाधान एवं दिशा-निर्देश तथा पंजी का संधारण किया जायेगा।

**क्रियान्वयन**- यह डेस्क जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय में कार्यालय अवधि में कार्यरत रहेगा। कार्यरत आशा हेल्प डेस्क के अपने दुरभाष होगें जो उस जिले हेतु आशा हेल्प लाईन के नाम से जाने जायेगें एवं आशा द्वारा की गई अनुरोध/समस्या एवं उसके सामाधान की पूर्ण विवरणी तिथि एवं समय के साथ एक रजिस्टर बना कर संधारित की जायेगी। **इन दोनों कार्यो हेतु प्रति माह १०००/- रू० की राशि जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा खर्च की जायेगी।**

आशा कार्यक्रम इकाई के विविध खर्च हेतु प्रति माह ३०००/- रू० की दर से जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा खर्च की जायेगी । इस ३०००/- रू० का विवरणी निम्नानुसार है-

प्रखंडो एवं गाँवों में भ्रमण हेतु यात्रा भत्ता एवं अन्य विविध खर्च नियमानुकूल किये जायेगें। इस राशि का खर्च जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला परियोजना प्रबंधक, आशा द्वारा किया जायेगा।

**रजिस्टर का प्रारूप -**

| क्र० सं० | तिथि/ समय | आशा का नाम | गाँव का नाम | प्रखंड/प्रा०स्वा० केन्द्र का नाम | क्या समस्या थी | क्या सामाधान सुझाया गाया | फॉलोअप | केस समाप्त करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

**मूल्याकनः-**

मूल्याकन दो बिन्दुओं पर क्या जायेगा।

1. पंजीकृत समस्यों की संख्या
2. सामाधान की गई समस्यों की संख्या

**(प्रतिदिन कम से कम १० केस का पंजीकरण होना आवश्यक है और इसमें से महीने के अंत में 80% केस का सामाधान किया जाना आवश्यक है। इस गतिविधि का मूल्याकन का आधार यही होगा।)**

# वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम - "ASHA Support System at Block Level"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) - 1.13 –B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) - 1.13 – B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५-१० वाक्य अधिकतम) - Appointment of Block Level Organizer /Block ASHA Manager, Establishment of ASHA Help Desk.

इकाई राशि (रू० लाख में) - 12500/- रू० प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतिमाह।

वित्तीय दिशा निर्देशन -
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)
(क) (ख) (ग)

**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम - प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा**

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर - 9470003017, 9470003024



95

## 1.13- ASHA Support System at Block Level

१. प्रखंड स्तर आशा पदाधिकारी (Block Level Organizer/प्रखंड आशा प्रबंधक) - राज्य के सभी ५३३ प्रखंडों के Block Level Organizer/प्रखंड आशा प्रबंधक को मानदेय हेतु प्रति माह १२०००/- रू० की दर से प्रखंड की रोगी कल्याण समितियाँ द्वारा खर्च की जायेगी। कार्यरत आशा हेल्प डेस्क के विविध खर्च हेतु प्रति माह ५००/- रू० की राशि संबंधित प्रखंडों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के रोगीकल्याण समितियों द्वारा खर्च की जायेगी।

आश हेल्प डेस्क-

परिभाषा- आशा कार्यकर्त्ताओं के समस्या एवं समाधान हेतु प्रखंड स्तर पर एक डेस्क/केन्द्र को चिन्हित किया जाना है।

आवश्यकता- प्रायः ऐसा पाया गया है कि आशा कार्यकर्त्ताएँ जब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अस्पताल आती है या क्षेत्र में कार्य कर रही होती है तो उन्हें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का समाधान, सलाह एवं दिशा-निर्देश देने हेतु प्रखंड स्तर पर भी एक डेस्क बनाने की आवश्यकता है।

**संपादन-** आशा हेल्प डेस्क के प्रभारी प्रखंड स्तर के प्रखंड आशा प्रबंधक, आशा/स्वास्थ्व प्रबंधक होगें। इनके द्वारा ही समस्यों का समाधान एवं दिशा-निर्देश तथा पंजी का संधारण किया जायेगा।

**क्रियान्वयन-** यह डेस्क रोगी कल्याण समिति/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यालय में कार्यालय अवधि में कार्यरत रहेगा। कार्यरत आशा हेल्प डेस्क के अपने दुरभाष (WLL) होगें एवं आशा द्वारा की गई अनुरोध/समस्या एवं उसके सामाधान की पूर्ण विवरणी तिथि एवं समय के साथ एक रजिस्टर बना कर संधारित की जायेगी। इन दोनों कार्यो हेतु प्रति माह ५००/- रू० की राशि रोगी कल्याण समितियों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा खर्च की जायेगी।

रजिस्टर का प्रारूप -

| क्र० सं० | तिथि/ समय | आशा का नाम | गाँव का नाम | क्या समस्या थी | क्या सामाधान सुझाया गाया | फॉलोअप | केस समाप्त करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

मूल्याकनः-

मूल्याकन दो बिन्दुओं पर क्या जायेगा।

3. पंजीकृत समस्यों की संख्या
4. सामाधान की गई समस्यों की संख्या

(प्रतिदिन कम से कम १० केस का पंजीकरण होना आवश्यक है और इसमें से महीने के अंत में 80% केस का सामाधान किया जाना आवश्यक है। इस गतिविधि का मूल्याकन का आधार यही होगा।)

# वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम - "ASHA Support System at Village Level"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) - 1.14 – B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) - 1.14 – B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५-१० वाक्य अधिकतम) - Community Monitoring and Community Need Assessment by ASHAs and others.

इकाई राशि (रू० लाख में) - 45 (Rs.150/- x 2500 group x12 months)
No. of Groups = 87135 ASHA/35 members = 2500 groups.

वित्तीय दिशा निर्देशन -
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)
(क) (ख) (ग)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम - प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर - 9470003017, 9470003024

## 1.14- ASHA Support System at Village Level

१. Community Monitoring and Need Assessment -

**परिभाषा-** प्रत्येक प्रखंड स्तर पर आशाओं एवं अन्य के द्वारा उनके क्षेत्र के समुदाय में स्वास्थ्य सुविधाओं के मूल्याकण एवं जरूरतों की समीक्षा की जानी है।

**आवश्यकता-** प्रखंड स्तर के क्षेत्र में अवस्थित गाँवों की स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्याकन एवं जरूरतों की समीक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। यह समीक्षा उस क्षेत्र के आशा एवं समुदाय के अन्य सदस्यों के द्वारा ही किया जाना प्रासंगिक प्रतीत होता है। प्रत्येक प्रखंड में उपलब्ध आशा संख्या द्वारा निम्न रूप से ३५-३५ सदस्यों के समूह द्वारा मूल्याकन एवं समीक्षा की जायेगी। जिनकी विवरणी निम्न प्रकार है-

<u>प्रखंड का एक समूह- ३५ सदस्य</u>
आशा- २०
आशा प्रखंड फेसिलीटेटर- १
पंचायती राज प्रतिनिधि- २ (मुखिया/वार्ड महिला सदस्य/उप मुखिया)
स्वयं सहायता समूह - ४ (कोई चार सदस्य)
स्थानीय कार्यरत एन०जी०ओ० प्रतिनिधि- ३
संबंधित क्षेत्र के लाभार्थी - ५

इस प्रकार राज्य ८७१३५ आशा के बीच २५०० समूह बनेगें। इन समूह द्वारा प्रति माह एक बैठक आयोजित होगी।

**प्रखंड आशा फेसिलीटेटर का निर्धारण-** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत सभी पंचायतो में से एक आशा का चयन किया जायेगा जिनकी शैक्षणिक योग्यता सर्वाधिक होगी। यदि एक प्रकार के शैक्षणिक योग्यता की आशा एक पंचायत में नहीं मिलती है तो उस पंचायत की आशा मिलकर जिनका नाम प्रस्तावित करेगी वही उस पंचायत की ओर से आशा प्रतिनिधि चयनित की जायेगी। यदि इस प्रक्रिया के माध्यम से भी आशा का चुनाव नहीं होता है तो प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आशा दिवस के दिन उस पंचायत के सभी आशा की बैठक आयोजित करेगें जहाँ किसी का चयन नहीं हुआ है और उनसे कहेगें कि जिनका नाम के चयन का प्रस्ताव रखना चाहती है उनका नाम लिख कर एक पचे में दे-दे ध्यान रखना होगा कि कोई आशा उस पचे में अपना नाम नहीं लिखे। इस प्रकार जिसका नाम सर्वाधिक आशा ने दिया है उसे नामित किया जाय। यदि किसी दो आशा का नाम बराबर आ जाता है तो उन्हीं दोनो के लिए उपर्युक्त प्रकिया आपना कर पंचायत के आशा के प्रतिनिधि का चुनाव करना है।

तत्पश्चात उपर्युक्त प्रकिया के तहत ही प्रखंड स्तरीय आशा फेसिलिटेटर का चयन किया जायेगा। सभी प्रक्रिया के सपन्न करने के जवाबदेही प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक की होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की रोगी कल्याण समिति चिन्हित/निर्धारण पदाधिकारी होगें।

**संपादन-** इस बैठक का संयोजक प्रखंड आशा फेसिलीटेटर होगी। जो बैठक की तिथि मुख्यतः माह के अंतिम सप्ताह में निर्धारित कर बैठक का सफलता पूर्वक आयोजन करायेगी।

**क्रियान्वयन-** इस बैठक का स्थान प्रखंड आशा फेसिलीटेटर के क्षेत्र का पंचायत भवन होगा। प्रति माह आयोजित होने वाले इस बैठक में एक पंजी संधारित होगी जिसमें समुह के ३५ सदस्य के विचार विर्मश, समुदाय मुल्याकण एवं जरूरत समीक्षा के उपरान्त निकले निष्कर्ष एवं आवश्यकताओं कार्रवाई पंजी में संधारित होगी। इस बैठक के संयोजक आशा प्रखंड फेसिलीटेटर होगी तथा प्रथामिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा प्रति बैठक में पंजी खर्च सहित खर्च हेतु १५०/-रू० बैठक के संयोजक प्रखंड आशा फेसिलीटेटर को माह के पहली तारीख को देय होगी। तैयार की गई कारवाई सभी सदस्यों के हस्ताक्षर के उपरान्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रखंड आशा फेसिलीटेटर द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। ताकि इनक माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में हुई प्रगति एवं विषय-वस्तुओं का निराकरण/विवेचना त्वरित रूप समुदायिक सहभागिता द्वारा किया जा सकें।

मूल्याकनः-

इस बैठक के माध्यम से आशा फेसिलिटेटर यह सुनिश्चित करेगीं कि बैठक में कितने बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया है तथा इसे कौन करेगा और कब करेगा। इसके लिए निम्नवत् प्रपत्र में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को किये गये कार्यो से सूचना देगी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक इसे संकलित कर जिला स्तर पर प्रेषित करेगी। यह प्रपत्र भी आशा डेस्क की सूचनाओं का एक भाग होगा।

# आशा फेसिलिटेटर के बैठक का प्रपत्र

प्रखंड का नाम :

बैठक की तिथि :

उपस्थित सदस्यों की सूची (संलग्न) :

समस्या

- .
- .
- .
- .

स्थानीय स्तर पर सामाधान

- .
- .
- .
- .

प्रखंड के स्तर पर सामाधान

- .
- .
- .
- .

जिला के स्तर पर सामाधान

- .
- .
- .
- .

आशा फेसिलेटेटर का हस्ताक्षर

# वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम – "ASHA Drug Kit & Replenishment"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) – 1.16–B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) – 1.16–B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५–१० वाक्य अधिकतम) – Provisioning of ASHA Drug Kit to 12822 new ASHAs and replenishment to 74313 ASHAs.

इकाई राशि (रू० लाख मे) – अधिकतम 600/- रू० प्रति किट (१२८२२ आशा हेतु)
अधिकतम 200/- रू० प्रति प्रतिपूर्ति किट सामग्री (७४३१३ आशा हेतु)

वित्तीय दिशा निर्देशन –
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें) SHSB/SPO-B&L/06/07/4996 (दि०–14.01.08), SHSB/PM/139/07/5267 (दि०–14.02.08)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम – प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं
नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर – 9470003017, 9470003024

## 1.16- ASHA Drug Kit and Replenishment

**परिभाषा-** राज्य के आशा कार्यकर्त्ताओं को ASHA Drug Kit उपलब्ध कराया जाना।

**अवश्यकता-** आशा कार्यकर्त्ता गाँव में स्वास्थ्य सलाह के अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा में ASHA Drug Kit दवाओं का सहयोग ले सकती है। जिससे गाँव के जनों का प्रथम द्रष्टया स्वरूप समुचित चिकित्सा सेवा किया जा सकें। भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार निम्नलिखित सामग्रियाँ रखी जानी हैं -

| क्र०सं० | दवा का नाम | एक आशा किट में दवा की मात्रा* |
|---|---|---|
| 1 | Disposable Delivery Kit | 20 |
| 2 | Tab. Iron Folic Acid (Large) | 1000 |
| 3 | Tab. Punarvadu Mandur (ISM, Preparation of Iron) | 1000 |
| 4 | ORS Packets | 100 |
| 5 | Tab. Paracetamole | 100 |
| 6 | Tab. Dicycomine | 50 |
| 7 | Povidine Ointment Tube | 2 |
| 8 | Thermometer | 2 |
| 9 | Cotton Absorbent Roll | 1 |
| 10 | Bandages, 4cm x 4 meters | 10 |

* भारत सरकार के मार्ग दर्शिका के अनुसार

ASHA Drug Kit सम्मलित सामग्री की इकाई राशि एवं क्रय की प्रक्रिया राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक- SHSB/SPO-B&L/06/07/4996 दिनांक- १४.०१.०८ (संलग्न) से जिलो को प्रेषित किया जा चुका है। जिसका क्रियान्वयन किया जाना है।

**संपादन** - आशा ड्रग किट की सभी सामग्रियों को क्रय एवं उपलब्धता सिविल सर्जन सुनिश्चित करेगें तथा उपलब्ध राशि का खर्च भी सिविल सर्जन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा संपादित किया जायेगा।

**क्रियान्वयन** - नये चयन होने वाले लगभग १२८२२ आशा कार्यकर्त्ता हेतु प्रति किट अधिकतम ६००/- रू० के दर से क्रय हेतु जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा राशि खर्च की जायेगी तथा कुल उपलब्ध कराये जा चुके Drug Kit (७४३१३ आशा कार्यकर्त्ताओं को) से खर्च हुये कुछ सामानों/दवाओं के आशा द्वारा प्रति तीन माह पर की गई Indent अनुसार दवाओं की प्रतिपूर्ति हेतु प्रति आशा २००/- रू० की दर से आशाओं की संख्या अनुरूप जिलों द्वारा **आवश्यकता अनुसार दवा क्रय करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राशि खर्च की जायेगी। तीन माह से पूर्व भी सामग्री खर्च होने के बाद सामग्री की मांग आशा द्वारा की जा सकती है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा ASHA Drug Kit में हुये खर्च को प्रतिमाह FMR में Procurement of ASHA Drug Kit Head में प्रविष्टि करेगें। आशाओं द्वारा दवा खर्च करने की विवरणी आशा अपने आशा डायरी में भी संधारित करेगी।**

कुछ शेष दवाओं का दर का निर्धारण प्रक्रिया में है। अतः दवा की इकाई राशि स्पष्ट होने के तुरन्त बाद जिला को सूचित कर दिया जायेगा। इस किट का उपयोग से क्षेत्र में होने वाले आम जनो के स्वास्थ्य समस्याओं का सामाधन किया जा सकेगा।

# Revised ASHA Selection Target

| SL No | Name of District | Old Target ASHA | Revised Target ASHA | New ASHA to be Selected |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Araria | 2026 | 2376 | 350 |
| 2 | Arwal | 659 | 773 | 114 |
| 3 | Aurangabad | 1842 | 2160 | 318 |
| 4 | Banka | 1552 | 1820 | 268 |
| 5 | Begusarai | 2242 | 2629 | 387 |
| 6 | Bhagalpur | 1971 | 2311 | 340 |
| 7 | Bhojpur | 1931 | 2264 | 333 |
| 8 | Buxar | 1273 | 1493 | 220 |
| 9 | Darbhanga | 3689 | 4326 | 637 |
| 10 | Gaya | 2734 | 3206 | 472 |
| 11 | Gopalganj | 3028 | 3550 | 522 |
| 12 | Jamui | 2997 | 3514 | 517 |
| 13 | Jehanabad | 2022 | 2371 | 349 |
| 14 | Kaimur | 1296 | 1520 | 224 |
| 15 | Katihar | 743 | 871 | 128 |
| 16 | Khagaria | 1247 | 1462 | 215 |
| 17 | Kishanganj | 2174 | 2549 | 375 |
| 18 | Lakhisarai | 1204 | 1412 | 208 |
| 19 | Madhepura | 1167 | 1368 | 201 |
| 20 | Madhubani | 684 | 802 | 118 |
| 21 | Munger | 1459 | 1711 | 252 |
| 22 | Muzaffarpur | 3451 | 4046 | 595 |
| 23 | Nalanda | 820 | 961 | 141 |
| 24 | Nawada | 3398 | 3984 | 586 |
| 25 | West Champaran | 2017 | 2365 | 348 |
| 26 | Patna | 1671 | 1959 | 288 |
| 27 | East Champaran | 2757 | 3233 | 476 |
| 28 | Purnia | 2322 | 2723 | 401 |
| 29 | Rohtas | 2124 | 2490 | 366 |
| 30 | Saharsa | 1383 | 1622 | 239 |
| 31 | Samastipur | 3271 | 3835 | 564 |
| 32 | Saran | 2950 | 3459 | 509 |
| 33 | Sheikhpura | 444 | 521 | 77 |
| 34 | Sheohar | 495 | 580 | 85 |
| 35 | Sitamarhi | 2529 | 2965 | 436 |
| 36 | Siwan | 2565 | 3008 | 443 |
| 37 | Supaul | 1644 | 1928 | 284 |
| 38 | Vaishali | 2532 | 2969 | 437 |
| | **Total** | **74313** | **87135** | **12822** |

## वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम – "Emergency Services of ASHA"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) – 1.17–B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) – 1.17–B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५–१० वाक्य अधिकतम) – Deputation/engagement of ASHA in natural calamities/Flood prone districts and capacity building/Training for the same.

इकाई राशि (रू० लाख में) – 100/- प्रति आशा x 3000 आशा x 20 दिन प्रतिनियुक्ति हेतु
100/- प्रति आशा x 3000 आशा x 2 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु

वित्तीय दिशा निर्देशन –
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम – **प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा**

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर – 9470003017, 9470003024



/12

## 1.17- Emergency Services of ASHA

**परिभाषा**- राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में बाढ़ से होने वाले हानि तथा फैलने वाले बीमारियों एवं उसके बचाव अर्थात् स्वास्थ्य प्रबंधन में आशाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आशाओं का प्रशिक्षण एवं प्रतिनियुक्ति किया जाना है।

**आवश्यकता**- राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में आम जनों के स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आशा की विशेष एवं सक्रिय सहभागिता महत्वपूर्ण है।

**संपादन**- प्रशिक्षण मॉड्यूल की रूप रेखा राज्य स्तर पर तैयार की जायेगी एवं संबंधित जिले के सिविल सर्जन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संपादित करायेगें तथा आशाओं की आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्ति करेगें।

**क्रियान्वयन**- राज्य के निम्नलिखित जिले जो कि बिहार राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आते है-

सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णियाँ, मुजफ्फरपुर, खगड़िया, कटिहार, पटना, वैशाली, नालन्दा, पश्चिम चम्पारण, शेखपुरा, सारण, भागलपुर, बेगूसराय की चुने हुये ३००० आशाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का मॉड्यूल प्रारूप राज्य स्तर पर बनाया जायेगा। आवश्यकता अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रशिक्षण हेतु आशाओं के चयन में प्राथमिकता/फेर-बदल किया जा सकता है। उपरोक्त प्रत्येक जिलो के १८७ आशाओं (३०००/१६) को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु आशाओं का चिन्हितिकरण सिविल सर्जन द्वारा किया जायेगा। जिस जिले में बाढ़ आयेगा उस जिले के प्रशिक्षित आशाओं को अधिकतम २० दिनों के लिए प्रतिनियुक्त किया जायेगा तथा प्रतिदिन एक आशा को १००/- रू० की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। यह राशि प्रशिक्षण में बताये गये कार्यो एवं दायित्वों के सफल निर्वहन उपरान्त देय होगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आशा को प्रतिदिन १००/- रू० देय होगा।

# वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम - "Motivation of ASHA"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) - 1.18-B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) - 1.18-B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५-१० वाक्य अधिकतम) - Provision of two Saree and one umbrella to ASHAs.

इकाई राशि (रू० लाख में) - अधिकतम 600/- रू० प्रति दो साड़ी x 87135 आशा
अधिकतम 125/- रू० प्रति छाता x 87135 आशा

वित्तीय दिशा निर्देशन -
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)
(क) (ख) (ग)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम - प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर - 9470003017, 9470003024

## 1.18- Motivation of ASHA

परिभाषा- राज्य की प्रत्येक आशा कार्यकर्त्ताओं के प्रोत्साहन हेतु आशा को दो-दो साड़ी एवं एक-एक छाता उपलब्ध कराया जाना है।

आवश्यकता- आशा सुदूर गाँवों में कठिन परिस्थितियों एवं मौसम में स्वास्थ्य संबंधित समाज का दायित्व निभाति है। आशाओं के सफल दायित्व निर्वहन हेतु उन्हें दो साड़ी एवं एक छाता उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

संपादन- यह सामग्री जिला स्वास्थ्य समिति स्तर पर क्रय कर आशाओं को उपलब्ध कराया जायेगा।

क्रियान्वयन- राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा साड़ी/छाता उपलब्ध कराने वाली एजेन्सी को निर्धारित किया जायेगा। जिसकी दर सहित सूचना सभी सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य समितियों को उपलब्ध करा दी जायेगी। सभी जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा उक्त निर्धारित एजेन्सी को चयनित आशा संख्या के आधार पर क्रयादेश निर्गत किया जायेगा। तथा साड़ी/छाता प्राप्त की जायेगी। प्राथमिक जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा ही आपूर्ति करने वाली एजेन्सी के प्रस्तुत विपत्र का भुगतान किया जायेगा। तद्नोपरान्त सभी आशा कार्यकर्त्ताओं को दो-दो साड़ी एवं एक-एक छाता संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा आशा दिवस के दिन उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम – "Capacity Building /Academic Support Programme"

**बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) – 1.19-B**

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) – 1.19-B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५–१० वाक्य अधिकतम) – Approx. 1000 ASHAs in the State to be enrolled into 10th grade or Bachelor's Preparatory Programme through Open Schools or IGNOU and Training for ASHA Help Desk.

इकाई राशि (रू० लाख में) – प्रति जिला स्वास्थ्य समिति २६ आशाओं हेतु २६०००/– रू० प्रतिवर्ष अर्थात् १०००/–रू० प्रति आशा प्रति वर्ष ।

वित्तीय दिशा निर्देशन –
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)
(क) (ख) (ग)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम – **प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा**
संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर – 9470003017, 9470003024

## 1.19- Capacity Building/Academic Support Programme

**परिभाषा**- राज्य के आशाओं का शैक्षणिक विकास एवं उत्थान हेतु १०वीं कक्षा का शिक्षा देना।

**आवश्यकता**- राज्य के कुछ चुने हुये १००० आशा कार्यकर्त्ताओं को उनके शैक्षणिक विकास एवं उत्थान हेतु खुला विद्यालय/इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा BPP कार्यक्रम के तहत १०वीं कक्षा में निबंधित कराया जायेगा। इन आशा कार्यकर्त्ताओं का मात्र मुक्त विद्यालय फीस संबंधित जिले के जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वहन किया जायेगा। इन चुने हुये आशाओं के फीस हेतु संबंधित जिलो के जिला स्वास्थ्य समितियों को राशि निर्गत की जायेगी।

**संपादन एवं क्रियान्वयन**- इस कार्यक्रम हेतु राज्य जिलो का आशाओं का चयन संबंधित जिले की जिला स्वास्थ्य समिति प्रखंडो से आशा को चिन्हित कर चयन करेगी। प्रत्येक जिले से २६ आशा कार्यकर्त्ताओं को इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा निबंधित कराया जायेगा। आशा का चिन्हित करने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

१. आशा अनुसूचित एवं अनुसूचित जन-जाति समुह से होनी चाहिए।

२. वैसी आशा जिन्होंने १०वीं कक्षा पास नहीं की हो एवं IGNOU (www.ignou.ac.in) BPP कार्यक्रम/www.nios.ac.in के तहत १०वीं कक्षा में निबंधित होने हेतु आवश्यक योग्यता का पालन करती हो।

३. निबंधित होने वाली अनुसूचित एवं अनुसूचित जन-जाति आशा अनुसूचित एवं अनुसूचित जन-जाति क्षेत्र बहुलता वाले गाँव की आशा ही प्राथमिकता पर होनी चाहिए।

आशाओं का कार्यक्रम मे निबंधन एवं IGNOU से संबंधित सारे कार्य में जिला परियोजना प्रबंधक, आशा/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहयोग करेगें।

**आशा हेल्प डेस्क प्रशिक्षण** - राज्य के ५३३ प्रखंड स्तरीय आशा हेल्प डेस्क हेतु प्रखंड आशा प्रबंधक/स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को तथा ३८ जिला स्तरीय आशा हेल्प डेस्क हेतु जिला परियोजना प्रबंधक आशा/जिला कार्यक्रम प्रबंधक को हेल्प डेस्क संचालन का प्रशिक्षण दिया जायेगा । प्रत्येक जिले के जिला कार्यकम प्रबंधक/जिला परियोजना प्रबंधक, आशा उस जिले हेतु मास्टर ट्रेनर होगा। जिले में प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य समिति में दिया जायेगा। उक्त अनुसार प्रति प्रशिक्षणार्थी (प्रशिक्षण साम्रगी, यात्रा भत्ता इत्यादि) ५००/- रू० खर्च किया जायेगा। जिस हेतु जिला स्वास्थ्य समितियों को संख्या अनुरूप राशि खर्च की जायेगी।

इस कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षण सहयोग राज्य स्तर पर किया जायेगा।

# वित्तीय दिशा निर्देशन

कार्यक्रम का नाम - "ASHA DIVAS"

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक १ के आधार पर) - 1.2-B

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या (अनुलग्नक के आधार पर) - 1.2-B

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (५-१० वाक्य अधिकतम) - Best performance award to ASHAs, Provision of Identity Card and TA/DA to ASHAs

इकाई राशि (रू० लाख में) - TA 75/- (One Time) रू० प्रति आशा प्रतिमाह प्रति आशा दिवस में भाग लेने हेतु जिसमें 60/- रू० TA एवं 15/- रू० नास्ता हेतु दिये जाने है इस प्रकार एक आशा को 75/- रू० की दर से प्रति आशा दिवस के दिन आशा को भुगतय होगा।
2000/- रू० प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आशा पुरस्कार हेतु प्रतिवर्ष
20/- रू० प्रति आशा पहचान-पत्र प्रति वर्ष

वित्तीय दिशा निर्देशन -
(अनुलग्नित)

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम - **प्रणव कुमार, परियोजना प्रबंधक, आशा एवं नेहा ऐश्वर्या, उप परियोजना प्रबंधक, आशा**

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर - 9470003017, 9470003024

## 1.2- ASHA Divas

**परिभाषा-** राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रति माह एक बार आशा दिवस मनाया जाना है। जिसमें प्रखंड की सभी आशा कार्यकर्त्ताओं का बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारीयों एवं अन्य के साथ आयोजन होता है। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं एवं अन्य विषय-वस्तुओं का निराकरण/विवेचना किया जाना है तथा रणनितियाँ भी तैयार की जानी है।

**आवश्यकता-** आशा दिवस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सभी आशाएँ एकत्रित होती है। तथा प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी के मार्ग निर्देशन में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करती है।

**संपादन-** आशा दिवस का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा तथा यात्रा भत्ता की राशि का भुगतान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**क्रियान्वयन-** आशा दिवस में भाग लेने हेतु प्रति आशा को ६०/-रू० TA (One Time) भुगतान किया जायेगा। एवं प्रति आशा १५/- रू० की दर से नास्ता हेतु दिया जायेगा। इस प्राकर कुल ७५/- रू० आशा को आशा दिवस के दिन भुगतय होगा।

वित्तीय वर्ष के अन्त में प्रत्येक प्रखंड में तीन आशाओं को उनके स्वास्थ्य योजना/कार्यक्रमों में विशिष्ट कायं/ सफलता प्राप्त करने के कारण चयनित किया जायेगा। जिनको जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वर्ष के अन्त (मार्च माह) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रमाण-पत्र द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम वरीयता प्राप्त आशा को १०००/- रू० की राशि पुरस्कार, द्वितीय वरीयता प्राप्त आशा को ५००/-रू० की राशि पुरस्कार, तृतीय वरीयता प्राप्त आशा को ३००/- रू० की राशि पुरस्कार दिया जायेगा तथा इन तीन प्रमाण-पत्रों के गुणवत्ता पूर्ण मुदण हेतु २००/- रू० निर्धारित है। उक्त अनुसार जिला स्वास्थ्य समितियों द्वारा राशि खर्च की जायेगी। पुस्कार के निर्धारण का मापदण्ड राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जिलों को प्रेषित किया जायेगा।

राज्य के सभी आशा कार्यकर्त्ताओं को पहचान पत्र उपलब्ध कराने हेतु प्रति आशा २०/- रू० निर्धारित है। जिस राशि का खर्च जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जायेगा। आशा पहचान-पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा। आशा पहचान-पत्र का प्रारूप संलग्न है।

(57)

## परिचय पत्र

आशा कार्यकर्त्ता का फोटो जिसका अभिप्रमाणित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा होनी चाहिए

*कार्ड संख्या-....................*

आशा कार्यकर्त्ता का नामः..........................................................

पिता/पति का नामः..........................................................

उम्रः .................... शैक्षणिक योग्यता..........................................

गाँवः.............................., पंचायतः..........................................

प्रखंडः.................................... जिलाः..........................................

कार्य क्षेत्र का नामः......................................

नियुक्ति की तिथिः......................................

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का हस्ताक्षर
एवं प्रा0स्वा0केन्द्र का मुहर

आशा कार्यकर्त्ता का हस्ताक्षर

Revised FMR Code - 1.11

(122)

# आशा सम्मेलन

**पृष्ठभूमि:-** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रारंभ से (2005 2009) लेकर अबतक लगभग 20 हजार आशा कार्यकर्त्ताओं का चयन किया गया है। इस क्रम में पी0 आई0 पी0 (2009 10) के अन्तर्गत आशा सम्मेलन की गतिविधि की स्वीकृति भारत सरकार ने किया है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि जिला स्तर पर आशा कार्यकर्त्ताओं को एकत्रित कर उनकी समस्याओं के अवगत होना तथा उनके समाधान की कार्ययोजना का निर्माण कर राज्य के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को सुदृढ़करना है।

**उद्देश्य:-**

1. आशा सम्मेलन के माध्यम से एक दूसरे प्रखंडो की आशा कार्यकर्त्ताओं को सहभागी चर्चा के द्वारा से सिखने का अवसर प्रदान करना।
2. सम्मेलन के क्रम में आशा अपनी समस्याओं से जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अवगत करवायेंगी जिससे आशा कार्यकर्त्ताओं की भावनाओं को प्रदर्शित करने हेतु एक अवसर उपलब्ध होगा।
3. जिला के अधिकारियों को स्वास्थ्य संबंधित से मुद्दों से अवगत करवाना जिससे कि जिला स्वास्थ्य कार्य योजना के निर्माण में आशा से संबंधित भूमिकाओं को भी सम्मिलित किया जाये।

सम्मेलन के क्रम में हुई चर्चाओं को संकलित कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक यह सुनिश्चित करेगें कि वर्ष (2010 2011) के लिए निर्माण किये जा रहे कार्य योजना में समस्याओं के समाधान से संबंधित गतिविधियों को सम्मलित किया जाना आवश्यक है।

**कार्यक्रम का क्रियान्वयन**

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ती के लिए राज्य के 38 जिलों में कार्यरत आशाओं का एक दिवसीय सम्मेलन किया जाना है जिसमें सभी आशाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाय।यह आवश्यक है कि इस कार्यक्रम को कराने हेतु पूर्व में ही तैयारी कर ली जाय एवं प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारियाँ निर्धारित कर उसका निष्पादन सुनिश्चित कर लिया जाय। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य समिति एवं सिविल सर्जन की होगी तथा प्रखंड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मुख्यतः इस कार्यक्रम के सम्पूर्ण आयोजन के जिम्मेदार होगे।

जिला स्वास्थ्य समिति अपने स्तर से पहल कर इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रणनीति एवं रूप रेखा (With time line) तैयार कर ले एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके कार्य संबंधी जानकारी दें। चुकि यह कार्य एक दिवसीय है और अत्यन्त बड़े स्तर पर किया जाना है इसलिए यह आवश्यक है कि एक कुशल सम्मिलित प्रयास किया जाय। जिला स्वास्थ्य समिति इस कार्य के निष्पादन में अपने स्तर से जन संगठन/समुदाय का सहयोग लेने के संबंध में निर्णय ले सकती है। कार्यक्रम रूप रेखा बनाने के उपरान्त उसका प्रतिवेदन सम्मेलन के पूर्व राज्य स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध कराये।

Revised

FMR Code- 1.11

(12)

## खंड स्तर पर सम्मेलन की पूर्व तैयारी

1. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की यह जवाबदेही होगी कि जिस माह में आशा सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया गया है उससे 15 दिनो पूर्व सभी आशा को सम्मेलन की सूचना सुनिश्चित कर दी जानी चाहिए। यह उचित होगा कि यदि इसी क्रम में आशा दिवस का आयोजन किया गया हो तो उसी मे उक्त तिथि की जानकारी दी जा सकती है। यहाँ यह स्पष्ट करना उचित होगा कि जिस माह मे जिला स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जायेगा उस माह में प्रखंड स्तर पर आशा दिवस का आयोजित नहीं किया जायेगा एवं उस माह के लिए प्रति आशा को आशा दिवस के लिए देय राशि का उपयोग उनके यात्रा–व्यय के मद में खर्च किया जायेगा इस प्रकार इस गतिविधि मे 155/– रूपये की राशि प्रति आशा यात्रा व्यय के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है। (80/ रू0 इस पत्र के द्वारा व्यय हेतु निर्धारित की गई है)
2. प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक की यह जवाबदेही होगी कि सभी आशा सम्मेलन में समान भाग ले इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक आशा कार्यकर्त्ता के निवास स्थान से लेकर सम्मेलन स्थल तथा वापस सम्मेलन स्थल से उनके घर तक छोड़ने की जवाबदेही होगी। इसमें आवश्यक है कि समय प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन के माध्यम से कार्य योजना का निर्माण किया जायें।

| आशा का नाम | एकत्रित होने का स्थान | समय | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष संख्या | गाड़ी सं0, चालक का नाम एवं दूरभाष सं0 |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

3. प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपलब्ध वाहनों के अनुसार आशा की संख्या तथा एकत्रिता होने वाले स्थान का चयन किया जायेगा। तथा उस वाहन में एक आशा का चयन किया जायेगा जिनको यह जवाबदेही होगी कि सभी आशा को साथ लेकर निर्धारित स्थल तक पहुँचाये तथा वापस उनके घरो तक पहुँचाने की जवाबदेही भी उनकी होगी। दो वाहनो बड़े वाहन तथा चार छोटे वाहनों पर एक पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्त किया जाये जिनको यह जवाबदेही होगी कि संबंधित वाहन की नेत्री के साथ दूरभाष पर सम्पर्क कर उनके आवागन की सूचना प्राप्त कर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को अवगत करवाते रहें।

## जिला स्तर पर कार्यक्रम की पूर्व तैयारी

जिल कार्यक्रम प्रबंधक सम्मेलन के आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर स्वयं सेवी संस्थानों का सहयोग प्राप्त कर सकती हे जिसके लिए उन्हें 10000/– दस हजार रूपये की राशि उपलब्ध करवाया गया है। इन संस्थाओं का मुख्य काम होगा कि आशा सम्मेलन के पूव्र तैयारी की मॉनिटरिंग तथा इसका आयोजन सुचारू ढंग से किया जाये। इसके लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक चेक–लिस्ट तैयार करेंगे जिसमें समयावधि भी उल्लेखित किया जायेगा।

FMR Code- 1.11

Revised

(20)

जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सम्मेलन हेतु स्थल का निर्धारण करलें। अगर स्थल कोई खुला मैदान हो वहाँ पंडाल, पानी की व्यवस्था, दरी, माईक, महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था, कुड़ादान, खाने के पैकेटस, पोटोग्राफी, विडयोंग्राफी, पोस्टर, बैनर, प्रखंडवार बैठने की व्यवस्था आयोजन हेतु वोलेटियरस की व्यवस्था कार्यक्रम के संचालक इत्यादि की व्यवस्था सिवलि सर्जन की देख–रेख में सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के संचालक का चुनाव करें जो आशा के कार्यो एवं उसके उद्देश्यों को समझे।

## सम्मेलन के दौरान कार्यक्रम की तैयारी

(क) आशा का रजिस्ट्रशन।

(ख) आमंत्रित पदाधिकारियों एवंज न प्रतिनिधियों के अभीनंदन एवं स्वागत हेतु तैयारी।

(ग) कार्यक्रम के बनाये गये रूप रेखा के अनुसार कार्यक्रम का संचालन करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा किया जा सकें।

## कार्यक्रम अविध/सत्र

कार्यक्रम एक दिन के लिए आयोजित किया जायेगा। जिसका संचालन वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2009–10 के दिसम्बर माह में किये जाने का निर्देश है।

1. 9 बजे से 10:30 बजे सुबह रजिस्ट्रेशन
2. आशाओं द्वारा प्रस्तुतिकरण– प्रखंडवार चयनित दो–दो उत्कृष्ट आशों को द्वारा अपने क्षेत्र में कार्यक्रम के संचालन के बारे मे प्रस्तुतिकरण (कार्यक्रम उपलब्धि, कर्यक्रम में आई कठिनाई एवं उनका निराकरण)।
3. भोजन अवकाश।
4. सांस्कृतिक कार्यक्रम आशाओं के द्वारा इस सांस्कृतिक सत्र के दौरान दो घंटे का स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम पर का सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि के रूप में आयोजित किया जायेगा। आशा कार्यकर्त्ता का सम्मेलन के पूर्व ग्रुप बाना कर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा ।

   **नुक्कड़ नाटक का आयोजनः** जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशा कार्यकर्त्ताओं के सहयोग से नुक्कड नाटक का आयोजन करवाना सुनिश्चित करवायेंगे जिसमें सदर प्रखंड की आशा कार्यकर्त्ताओं का सहयोग लिया जायेगा। स्थानीय स्वयं सेवी संस्था का सहयोग नुक्कड़ नाटक की तैयारी में भी ली जा सकती है, जिसका स्क्रिप्ट एवं प्रदर्शन पूर्व में ही सिविल सर्जन द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

   थीम मां एवं बच्चों के स्वास्थ्य बेहतरी में आशा की भूमिका

   समय 20 मिनट

   सदस्यः 10–12 आशा कार्यकर्त्ता

